दिन– गुरूवार दिनांक– 16 / 05 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

पहले मुख्य समाचार.......

01. लोकसभा चुनाव के अंतिम तीन चरणों के लिए चुनाव प्रचार हुआ तेज । भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सीतामढ़ी और मधुबनी में चुनावी सभा को सम्बोधित किया।

02. भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस पार्टी पर आरक्षण के प्रावधानों के खिलाफ साजिश का लगाया आरोप।

03. सातवें और अंतिम चरण के चुनाव के लिए नामांकन पत्र वापस लेने का कल अंतिम दिन।

04. और, राज्य के दक्षिण–पूर्व भागों में दोपहर बाद अचानक बदला मौसम। आंधी बारिश और वज्रपात की घटना में दो लोगों की मौत, कई घायल।

अब समाचार विस्तार से.........

————————————————————————

लोकसभा चुनाव के शेष तीन चरणों के लिए प्रचार अभियान तेज हो गया है। विभिन्न गठबंधन और राजनीतिक दलों के स्टार प्रचारक और वरिष्ठ नेता मतदाताओं को अपने पक्ष में गोलबंद करने के लिए लगातार चुनावी सभाएं, रैली, रोड–शो और जनसंपर्क कर रहे हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने आज सीतामढ़ी में एनडीए प्रत्याशी देवेशचन्द्र ठाकुर के समर्थन में चुनावी सभा को सम्बोधित किया। श्री शाह ने कहा कि देश और राज्य का विकास एनडीए के विकास मॉडल पर ही निर्भर करता है। उन्होंने कांग्रेस और राजद पर राज्य को पिछड़ेपन की ओर धकेलने का आरोप लगाया।

———बाईट———

श्री शाह ने मधुबनी में एक जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि जननायक कर्पूरी ठाकुर को उचित सम्मान देने का काम एनडीए सरकार ने ही किया है। श्री शाह ने राजद नेतृत्व पर कर्पूरी ठाकुर के नाम पर सिर्फ सियासत करने का आरोप लगाया।

———बाईट———

————————————————————————

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस पार्टी पर आरक्षण की व्यवस्था के खिलाफ साजिश का आरोप लगाया है। उत्तरप्रदेश के प्रतापगढ़ में एक चुनावी सभा को सम्बोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी दलितों और पिछड़ों का आरक्षण समाप्त करना चाहती है। उन्होंने विश्वास दिलाया की एनडीए सरकार के होते हुए ऐसा कभी नही हो सकता है।

———बाईट———

————————————————————————

इधर, राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष और काराकाट से एनडीए प्रत्याशी उपेन्द्र कुशवाहा ने आज काराकाट लोकसभा क्षेत्र के औरंगाबाद जिले में आने वाले दाउदनगर में जनसंपर्क अभियान चलाया। श्री कुशवाहा ने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में ही एक मजबूत और जरूरतमंदो की सेवा करने वाली सरकार बनेगी।

———बाईट———

इधर, राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने एक बार फिर बेरोजगारी और महंगाई के मुद्दे को लेकर एनडीए सरकार को कटघरे में खड़ा किया है। मधुबनी में राजद प्रत्याशी अली अशरफ फातमी,के समर्थन में चुनावी सभा को सम्बोधित करते हुए श्री यादव ने कहा कि एनडीए नेताओं ने जनता के मुद्दे पर चुप्पी बना ली है।

———बाईट———

वीआईपी के अध्यक्ष मुकेश सहनी ने भी सभा को सम्बोधित किया। वामपंथी दलों भाकपा, माकपा और भाकपा—माले के वरिष्ठ नेता भी इंडी गठबंधन के प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभा और रोड—शो कर रहे हैं।

————————————————————————

लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के लिए नामांकन पत्र वापस लेने का कल आखिरी दिन है। इससे पहले नामांकन पत्रों की जाँच में एक सौ अड़तीस उम्मीदवारों के पर्चे सही पाये गये। वहीं, उनासी नामांकन पत्र रद्द कर दिये गये। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार नालंदा संसदीय क्षेत्र से उनतीस, पटना साहिब से सत्रह, पाटलिपुत्र से बाईस, आरा से चौदह, बक्सर से पन्द्रह, सासाराम से दस, काराकाट से चौदह और जहानाबाद संसदीय क्षेत्र से सत्रह

उम्मीदवारों के नामांकन पत्र सही पाये गये हैं। इधर, अगिआंव विधानसभा क्षेत्र के लिए हो रहे उपचुनाव में सभी नौ उम्मीदवारों के नामांकन पत्र वैध पाये गये। इस चरण के तहत एक जून को मतदान होना है।

———————————————————

और अब सुनते है राज्य के संसदीय निर्वाचन–क्षेत्रों के राजनीतिक परिदृश्य पर आधारित आकाशवाणी समाचार की विशेष श्रृंखला। आज बात नालंदा लोकसभा सीट की। नालंदा बिहार के उन आठ संसदीय निर्वाचन– क्षेत्रों में से एक है, जहां सातवें और अंतिम चरण में एक जून को मतदान होना है। हमारे संवाददाता की एक रिपोर्ट–

———बाईट———

गुप्तकालीन नालंदा विश्वविद्यालय के लिए प्रसिद्ध नालंदा की पहचान उदार सांस्कृतिक और धार्मिक परंपराओं की रही है। नालंदा विश्वविद्यालय का बौद्धिक दृष्टिकोण लंबे समय तक एशिया की संस्कृति को गढ़ता रहा है। राजनीतिक दृष्टिकोण से भी नालंदा की विरासत काफी समृद्ध रही है। उन्नीस सौ सत्तावन में अस्तित्व में आए इस लोकसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व महान समाजवादी नेता जॉर्ज फर्नांडिस और नीतीश कुमार जैसी कई प्रमुख हस्तियों ने किया है। वर्ष दो हजार नौ, दो हजार चौदह और दो हजार उन्नीस के लोकसभा चुनावों में इस सीट से जदयू के कौशलेन्द्र कुमार को लगातार जीत मिलती रही है। एनडीए में सीट बंटवारे के तहत जदयू के खाते में आई नालंदा सीट से पार्टी ने एक बार फिर कौशलेन्द्र कुमार को ही मैदान में उतारा है। उनके सामने विपक्षी गठबंधन से भाकपा माले ने संदीप सौरभ को उम्मीदवार बनाया है। संदीप सौरभ पटना के पालीगंज विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं। नालंदा लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत सात विधानसभा क्षेत्र आते हैं, जिनमें से छह पर एनडीए और एक सीट पर राजद का कब्जा है। अस्थावां, राजगीर, हिलसा, नालंदा और हरनौत सीट पर जदयू के और बिहारशरीफ सीट पर भाजपा के विधायक हैं। वहीं, एक मात्र सीट इस्लामपुर पर राजद का कब्जा है। कृषि प्रधान नालंदा लोकसभा क्षेत्र में सुखाड़ की समस्या प्रमुख है। पैमार, गोईठवा, सोईवा और लोकाईन समेत अन्य नदियों में पानी का बहाव नहीं के बराबर है, जिस कारण किसानों को सिंचाई की समस्या का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा उद्योग धंधों की कमी के कारण श्रम शक्ति का पलायन क्षेत्र की एक अन्य प्रमुख समस्या है। जदयू उम्मीदवार अपने पंद्रह वर्षों के कार्यकाल के दौरान किये गये कार्यों तथा राज्य और केन्द्र सरकार की उपलब्धियों को लेकर आम लोगों के बीच जा रहे हैं। वहीं, भाकपा माले उम्मीदवार महंगाई और बेरोजगारी समेत स्थानीय मुद्दों के आधार पर लोगों को गोलबंद करने में जुटे हैं। यह देखना दिलचस्प होगा कि क्षेत्र के बाईस लाख से अधिक मतदाता चौथी बार जदयू उम्मीदवार कौशलेंद्र कुमार को लोकसभा भेजते हैं या फिर एक नए चेहरे भाकपा माले के संदीप सौरभ पर भरोसा जताते हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए नालंदा से निरंजन कुमार।

———————————————————

राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एच.आर. श्रीनिवास की अध्यक्षता में आज भोजपुर के समाहरणालय कक्ष में चुनाव तैयारियों की समीक्षा की गई। इस दौरान आरा संसदीय क्षेत्र में सातवें चरण के लोकसभा चुनाव और अगिआंव विधानसभा क्षेत्र के लिए होने वाले उप–चुनाव को लेकर विभिन्न बिन्दुओं पर विचार–विमर्श किया गया। जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए विभिन्न माध्यमों से किए जा रहे जागरूकता अभियान की प्रगति की भी समीक्षा की गई।

———————————————————

बेगूसराय रेलवे स्टेशन पर लोकसभा चुनाव के मद्दे नजर चलाए जा रहे सुरक्षा जाँच अभियान के दौरान वंदे भारत ट्रेन से एक यात्री को सड़सठ लाख चालीस हजार

रूपये नगद के साथ हिरासत में ले लिया। पूछताछ में उसने कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी और ना ही कोई वैध कागजात दिखाया है।

जहानाबाद जिले में कवि सम्मेलन का आयोजन कर मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया गया। स्थानीय कॉपरेटिव बैंक कम्पाउंड में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन जिला चुनाव आइकॉन अमित कुमार और अजित कुमार ने किया।

मुजफ्फरपुर संसदीय क्षेत्र के कुढ़नी में मानव श्रृंखला बना कर लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया गया है।

———————————————————————

कांग्रेस के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता असितनाथ तिवारी, सत्यम दूबे समेत कई नेता आज भाजपा में शामिल हो गए। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने पार्टी कार्यालय में आयोजित समारोह में इन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय मौजूद थे।

———————————————————————

बांका, मुंगेर, जमुई कटिहार समेत राज्य के दक्षिण पूर्व भागों में आज दोपहर बाद अचानक आए आंधी–बारिश और वज्रपात की घटनाओं में दो लोगो की मौत हो गई जबकि कई लोग घायल हो गए। बांका जिले के बौंसी प्रखंड अंतर्गत असनाहा गांव मे वज्रपात की चपेट मे आकर एक युवक की मौत हो गई। वहीं, जिले के विभिन्न भागों में पेड़ गिरने के कारण कई स्थानों पर यातायात प्रभावित हुआ। इधर, मुंगेर जिले के खड़गपुर अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत दढ़ियार गांव में वज्रपात की चपेट में आकर एक व्यक्ति की मौत हो गई है। वहीं, जिले के तेटिया बंबर प्रखंड के चंपाचक गांव में वज्रपात की चपेट में आकर तीन किशोर समेत चार लोग बुरी तरह झुलस गए।

———————————————————————

राजधानी पटना समेत प्रदेश के अधिकतर भागों में मौसम शुष्क बना हुआ है। राज्य के उन्नीस जिलों में अधिकतम तापमान चालीस डिग्री से उपर दर्ज किया गया। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार राज्य के दक्षिण–पश्चिम और दक्षिण–मध्य भागों में कई स्थानों पर उष्ण दिवस की स्थिति बनी हुयी है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक एस. के. पटेल ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि एक चक्रवातीय परिसंचरण का क्षेत्र बनने के कारण नमीयुक्त हवा प्रदेश के दक्षिण–पूर्व भागों में प्रवेश कर रही है

जिसके प्रभाव से अगले चौबीस घंटों के दौरान इन भागों में तेज हवा के साथ बारिश हो सकती है। कुछ स्थानों पर वज्रपात की भी आशंका है।

–––बाईट–––

––––––––––––––––––––––––––––––––––

राज्य सरकार ने अवैध बालू खनन और परिवहन पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए वाहनों में विशिष्ट पहचान लगाने के निर्देश दिए हैं। खनन विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर जीपीएस लगे वाहनों पर चारों तरफ बीस इंच चौड़ी लाल रंग की पट्टी रंगवाने के आदेश दिए है। इसके साथ ही इन वाहनों के चारों तरफ खनन वाहन निबंधन संख्या अंकित करना भी अनिवार्य होगा। यह व्यवस्था इसी वर्ष जुलाई से लागू हो जायेगी।

––––––––––––––––––––––––––––––––––

मुजफ्फरपुर में मालीघाट चौक स्थित पूर्व पार्षद विजय झा के आवास सहित आठ ठिकानों पर आज आयकर विभाग की टीम ने आय से अधिक संपत्ती मामले में छापेमारी की। विजय झा वार्ड नंबर इकतालीस के पार्षद सीमा झा के पति हैं।

––––––––––––––––––––––––––––––––––

दरभंगा की एक स्थानीय अदालत ने अपहरण के एक मामलें में नौ अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने इन सभी पर दस–दस लाख रूपये का अर्थ दंड लगाया है।

––––––––––––––––––––––––––––––––––

अंत में मुख्य समाचार,

01. लोकसभा चुनाव के अंतिम तीन चरणों के लिए चुनाव प्रचार हुआ तेज । भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सीतामढ़ी और मधुबनी में चुनावी सभा को सम्बोधित किया।

02. भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस पार्टी पर आरक्षण के प्रावधानों के खिलाफ साजिश का लगाया आरोप।

03. सातवें और अंतिम चरण के चुनाव के लिए नामांकन पत्र वापस लेने का कल अंतिम दिन।

04. और, राज्य के दक्षिण–पूर्व भागों में दोपहर बाद अचानक बदला मौसम। आंधी बारिश और वज्रपात की घटना में दो लोगों की मौत, कई घायल।

––––––––––––––––––––––––––––––––––

समाप्त हुआ।